दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 02 अंक :- 10 मुरादाबाद 01 May 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## मुख्यमंत्रियों और मुख्य न्यायाधीशों के संयुक्त सम्मेलन में बोले पीएम मोदी-सबको मिले न्याय इसके लिए रोडमैप हो तैयार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मुख्यमंत्रियों और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के संयुक्त सम्मेलन का उद्घाटन किया। पीएम ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में न्यायपालिका और सरकार का दायित्व अब बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि 2047 में जब देश आजादी के 100 साल पूरा करेगा तब हम कैसा देश चाहते हैं, हम किस तरह अपने न्याय व्यवस्था को इतना समर्थ बनाएं कि वो 2047 के भारत की आकांक्षाओं को पूरा कर सके, उन पर खरा उतर सके, ये प्रश्न आज हमारी प्राथमिकता होना चाहिए। पीएम के साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) न्यायमूर्ति एनवी रमना और केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। वहीं सभी 25 हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस और राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी इस सम्मेलन में भाग लिया।

### यह सम्मेलन हमारी संवैधानिक खूबसूरती का सजीव चित्रण

पीएम ने इस दौरान कहा कि राज्य के मुख्यमंत्रियों और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों का ये संयुक्त सम्मेलन हमारी संवैधानिक खूबसूरती का सजीव चित्रण है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि इस अवसर पर मैं आप सबके साथ कुछ समय बिता पाया हूं।

### न्याय व्यवस्था का रोडमैप होगा तैयार

पीएम ने आगे कहा कि हमारे देश में जहां एक ओर ज्यूडिशरी की भूमिका संविधान संरक्षक की है, वहीं लेजिस्लेचर नागरिकों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि संविधान की इन दो धाराओं का ये संगम, ये संतुलन देश में प्रभावी और समयबद्ध न्याय व्यवस्था का रोडमैप तैयार करेगा।

### राज्यों को अप्रासंगिक कानून हटाने को कहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2015 में हमने करीब 1800 ऐसे कानूनों को चिन्हित किया था जो अप्रासंगिक हो चुके थे। उन्होंने कहा कि इनमें से केंद्र ने 1450 कानूनों को खत्म कर लोगों को राहत दी है। लेकिन राज्यों की तरफ से केवल 75 कानून ही खत्म किए गए हैं।

### स्थानीय भाषाओं के प्रोत्साहन से लोगों का भरोसा बढ़ेगा

कोर्ट में स्थानीय भाषाओं के इस्तेमाल पर जोर देते हुए पीएम ने कहा कि हमें स्थानीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल देश के सामान्य नागरिकों का न्याय प्रणाली में भरोसा बढ़ेगा बल्कि वे सभी उससे जुड़ा हुआ महसूस कर पाएंगे।

ष्टछ्ठ बोले लक्ष्मण रेखा का रखें ध्यान सम्मेलन को संबोधित करते हुए CJI एनवी रमना ने कहा कि लक्ष्मण रेखा का ध्यान सबको रखना चाहिए, अगर कुछ भी कानून के अनुसार हो तो न्यायपालिका कभी भी शासन के रास्ते में नहीं आएगी। यदि नगरपालिकाएं, ग्राम पंचायतें कर्तव्यों का पालन करती हैं, यदि पुलिस ठीक से जांच करती है और अवैध हिरासत की यातना समाप्त होती है, तो लोगों को अदालतों की ओर देखने की जरूरत नहीं होगी।

### रिजिजू बोले-सबका साथ सबका विकास के साथ सबको मिलेगा न्याय

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के साथ सबको न्याय दिलाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने इसी के साथ सभी राज्यों से आए मुख्यमंत्रियों और सभी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों से कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा, आप सबके साथ मिलकर काम करने से ही आम लोगों को न्याय मिलने की संभावना बढ़ सकती है।

### छह साल बाद सम्मेलन आयोजित

छह साल बात आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में कार्यपालिका और न्यायपालिका के लिए न्याय के सरल वितरण के लिए रूपरेखा तैयार करने और न्याय प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा हो रही है। इसके साथ ही न्यायपालिका से जुड़ी इमारतों के लिए नेशनल ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर अथारिटी आफ इंडिया के गठन का मुद्दा भी इसमें उठ सकता है।

## कोई थर्ड फ्रंट चुनाव नहीं जीत सकता, बीजेपी की सिर्फ एक ही काट: प्रशांत किशोर



चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर उर्फ पीके का कहना है कि चुनाव में बीजेपी को कोई थर्ड या चौथा फ्रंट नहीं हरा सकता, अगर बीजेपी को मात देनी है तो ऐसा करिश्मा सिर्फ दूसरा फ्रंट ही कर सकता है। इसलिए बीजेपी को हराने के लिए दूसरे मोर्चे को मजबूती से उभरना होगा। उन्होंने एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में प्रशांत किशोर ने आगामी आम चुनाव 2024 को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बीजेपी को अगर हराना है तो इसके लिए दूसरे मोर्चे को मजबूती से उभरना होगा। जब पीके से सवाल किया गया कि क्या वह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी को 2024 के आम चुनाव में तीसरे मोर्चे के रूप में उभरने में मदद कर रहे हैं तो जवाब में उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं माना कि इस देश में कोई तीसरा या चौथा मोर्चा चुनाव जीत सकता है। अगर हम भाजपा को पहला मोर्चा मानें तो उन्हें हराने के लिए दूसरा मोर्चा होना चाहिए। अगर कोई पार्टी भाजपा को हराना चाहती है तो उन्हें दूसरे मोर्चे के रूप में मजबूती से उभरना होगा, तभी बात बनेगी।

### कांग्रेस सिर्फ दूसरी बड़ी पार्टी

पीके ने एक सवाल के जवाब में कहा कि वे कांग्रेस को दूसरा मोर्चा नहीं मानते। उनकी नजर में कांग्रेस पार्टी सिर्फ देश की दूसरी बड़ी पार्टी है।

## 'समस्या नहीं समाधान बताए सरकार', बिजली संकट पर अखिलेश यादव का वार

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को प्रदेश के ऊर्जा मंत्री का नाम लिए बिना बिजली संकट का मसला उठाते हुए कहा कि सरकार समस्या का कारण बताने के लिए नहीं, निवारण के लिए होती है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख ने शनिवार को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा द्वारा कुछ विद्युत उत्पादन इकाइयों के तकनीकी कारणों से बंद किये जाने की सूचना ट्विटर पर दिये जाने का अंश संलग्न करते हुए एक ट्वीट किया है। इस ट्वीट में उन्होंने कहा, %सरकार समस्या का कारण बताने के लिए नहीं, निवारण के लिए होती है। शर्मा ने एक दिन पहले ट्वीट किया था कि यूपी की कुछ विद्युत उत्पादन इकाइयां तकनीकी कारणों से कई सप्ताह से बंद हैं, जिनमें हरदुआगंज-660 मेगावाट, मेजा-660 मेगावाट और बारा-660 मेगावाट शामिल हैं। इसके बाद सपा



प्रमुख ने तंज करते हुए कहा कि सरकार समस्या का कारण बताने के लिए नहीं, निवारण के लिए होती है। शुक्रवार को भी अखिलेश यादव ने बिजली संकट को लेकर एक बयान में सत्तारुढ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती से प्रदेश की जनता झुलस रही है। यादव ने कहा कि पूर्वांचल से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं और गर्मी बढ़ने के साथ बिजली संकट गहराता जा रहा है।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# आत्मनिर्भर किसान अभियान की विस्तृत जानकारी दी

तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली- आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सरकार के साथ मिलकर सम्पूर्ण भारत वर्ष में समाज के विभिन्न वर्गों की सेवाओं का विस्तृत कार्यक्रम बनाया गया है। संस्था के विभिन्न सेवा प्रभागों द्वारा तैयार किये गये कार्यक्रमों का शुभारम्भ हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री प्राता श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा दिनांक 20 जनवरी 2022 को आनलाइन किया गया। इस वर्ष संस्था के द्वारा आयोजित किये जाने वाले भी कार्यक्रम 卐आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर卐 विषय पर केन्द्रित होंगे। ब्रह्माकुमारीज़ के मुख्यालय माउण्ट आबू स्थित, विशाल डाइमण्ड हाल में उपस्थित, देश के कोने कोने से पधारे प्रतिनिधियों तथा विभिन्न चैनलों के माध्यम से जुड़े हुये संस्था क लाखों सदस्यों को विस्तार से सम्बोधित करते हुये, माननीय प्रधानमंत्री जी ने संस्था के विभिन्न प्रभागों की सेवाओं, विशेष रूप से कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग की सेवाओं की खूब सराहना किया तथा यौगिक कृषि द्वारा शुद्ध अन्न उपजाने तथा देश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रेरित करने का आह्वान किया। इतिहास साक्षी है कि हमारा भारत सोने की चिड़िया उस समय कहलाता था, जब वह आत्मनिर्भर था। चूँकि हमारे देश की 70 प्रतिशत आवादी किसानों और ग्रामीणों की है इसलिये यह निर्विवाद है कि हमारा देश तभी आत्मनिर्भर बनेगा, जब हमारे देश का किसान आत्मनिर्भर बने। लेकिन वर्तमान में इसके लिये आवश्यक है कि किसानों का आत्मबल बढ़ाया जाय,ग्रामीण युवाओं को भटकने से बचाया जाय, कृषि आधारित कुटीर उद्योग आरम्भ करते हुये ग्रामीणों को नियोजित किया जाय, देश की सबसे बड़ी पूँजी श्रम शक्ति का सदुपयोग किया जाय, गौ आधारित परम्परागत यौगिक कृषि का विस्तार कर किसान को आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से सश निदेशालय लखनऊ से पधारे सहायक निदेशक भ्राता बद्री विशाल जी, संस्था की क्षेत्रीय समर्पित भाई बहनें कार्यक्रम का उद्घाटन करने वाले अतिथियों से शिव ध्वज और कलश प्रबन्धिका ब्रह्माकुमारी पारवती बहन द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा।इस दौरान संस्था क प्राप्त कर अभियान के लिये निकलेंगे। इस अभियान में 8 अभियान यात्री तथा 2 गाड़ियां होंगी। अभियान 21 दिन तक चलेगा और गांव-गांव जायेगा। अभियान के दौरान किसानों को आर्थिक, सामाजिक और मान्सिक रूप से सशक्त बन कर आत्म निर्भर बनने की प्रेरणा दी जायेंगी। आर्थिक सशक्तीकरण के लिये खेती की लागात कम कर आय बढ़ाने के लिये प्रेरित किया जायेगा, इसके लिये गौ आधारित परम्परागत भारतीय कृषि पद्यति, शाश्वत यौगिक खेती का प्रशिक्षण दिया जायेगा। समाजिक सशक्तीकरण के लिये किसान संगठन बनाने तथा मान्सिक सशक्तीकरण के लिये राजयोग का प्रशिक्षण दिया जायेगा। अभियान के दौरान किसानों को स्वच्छता के लिये जागरूक किया जायेगा, व्यसनों से मुक्ति के लिये संकल्प कराया जायेगा, पर्यावरण की रक्षा हेतु वृक्ष लगाने तथा पराली प्रबन्धन के लिये भी प्रेरित किया जायेगा।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 3000 करोड़ ठगने वाले साइबर गिरोह का भंडाफोड़, पुलिस ने ठग को किया गिरफ्तार



यूपी के बरेली में लोगों को नौकरी दिलाने के नाम 3000 करोड़ ठगने वाले साइबर गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। साइबर सेल थाना और नोएडा साइबर सेल की मदद से साइबर ठग को गिरफ्तार करके उसे जेल भेज दिया गया है। इस साइबर ठग की लंबे समय से टीमें तलाश में लगी थी। आरोपी पश्चिमी बंगाल का रहने वाला है, जो पूरा नेटवर्क चला रहा था। चीन, कोरिया, थाईलैंड आदि जगह इंडियन करेंसी अलग-अलग खातों में ट्रांसफर की जाती थी। 3000 करोड़ रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। अक्टूबर 2021 में बरेली के साइबर थाना में ठगी का एक मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें बहेड़ी की रहने वाली एक शिक्षिका से 2.10 लाख की ठगी की गई थी। इसके बाद से साइबर थाना पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी। इस गैंग की तलाश में नोएडा साइबर सेल भी लगी थी। फ्री मोबाइल रिचार्ज, बिना ब्याज लोन और तुरंत दुगने रुपये के नाम पर ठगी करते थे। बरेली और नोएडा की संयुक्त टीम ने इस मामले में पश्चिमी बंगाल के मंजारूल इस्लाम को हिरासत में लिया गया। उसके अलग-अलग बैंक स्टेटमेंट निकाले गए तो पूरा मामला खुलता चला गया। इस मामले में चार पांच अन्य लोग भी हैं। एक साल में 3000 करोड रुपये का चूना लगाया गया। लालच देकर लोगों के अकाउंट पलक झपकते ही खाली कर देते थे। इस नेटवर्क में कोई और नहीं बल्कि चीन का भी एक सदस्य जुड़ा पाया गया है। महाराष्ट्र का एक व्यक्ति जेल में है। थाईलैंड, कोरिया, साउथ अफ्रीका, चीन आदि जगह नेटवर्क फैला दिया था, जो भी इंडियन करेंसी होती थी। उसे विदेशी अकांउट में ट्रांसफर किया जाता था। क्रिप्टो करेंसी ठगी का भी खेल है। एक-एक दिन में 15 से 16 करोड़ रुपये गैंग ठगी करता था। जांच पड़ताल में पता चला है, करीब 2000 से 3000 पन्नों के बैंक अकाउंट स्टेटमेंट निकालेंगे। जिसमें कुछ लोग पहले ही जेल में हैं। बरेली सायबर थाने के इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया, बहेड़ी निवासी एक शिक्षिका ने अक्टूबर 2021 में एफआईआर दर्ज करवाई थी। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। जिस अकाउंट में पैसे ट्रांसफर किए गए थे, बैंक अकाउंट स्टेटमेंट निकालने के बाद आरोपियों तक पहुंचने का रास्ता साफ हुआ। इस मामले में पश्चिमी बंगाल के मंजारूल इस्लाम को गिरफ्तार किया गया। उसने अपने कई साथियों के भी नाम बताएं हैं, जो चीन, कोरिया, थाईलैंड आदि जगह के हैं। ठगी का एक नेटवर्क है। मामले की जांच चल रही है। आरोपी मंजारूल को जेल भेज दिया गया है।

# वक्फ संपत्तियों को कब्जा मुक्त करा कर हॉस्पिटल और कॉलेज खोले जाएं

तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली- दरगाह आला हजरत से जूडे संगाठन तंज़ीम उलमा ए इस्लाम के राष्ट्र महासचिव मौलाना शहाबुद्दीन रजवी के नेतृत्व में उलमा के एक प्रीतिनीधी मंडल ने माननीय श्री धर्मपाल सिंह जी कैबनेट मंत्री अल्पसंख्यक उत्तर प्रदेश सरकार से सरकीट हाउस में मुलाकात की , तफसील से मुस्लिम मसाइल पर चर्चा हुई। और साथ ही मदरसों में आ रही समस्याओ को देखते हुए एक ज्ञापन भी माननीय मंत्री जी को उलमा ने सौपा। ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने मदरसों को मुख्य धारा से जोड़ने की बात कही है, ये बहुत बड़ा कार्य है इसको अम्ली जामा पहनाने के लिए एक बड़ी कार्य योजना बनानी होगी। 550 मदरसों को छोड़ कर उत्तर प्रदेश मे लगभग 20 हजार मदसे संचालित है, ये तमाम मदरसे मुसलमानों के आपसी चंदे से चल रहे है, अगर हुकूमत मदरसों की तरक्की और विकास की तरफ़ ध्यान दे तो इन मदरसो के द्वारा नई नस्ल अच्छी से अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकती है। मदरसों के पास इतना फंड नहीं होता है कि वो सी.सी.टी.वी.कैमरे और कम्प्यूटर लैब की व्यवस्था कर पाए । उलमा ने ज्ञापन मे आगे कहा कि?? एक सबसे बड़ी समस्या मदरसा छात्रों को ये है कि उनका पासपोर्ट महीनों तक लम्बीत रहते है उसकी वजह ये है कि मदरसा एजूकेशन बोर्ड की मार्कसिटे आनलाइन न होने के कारण महीनों छात्र आफिस के चक्कर लगते रहते है, अगर मदरसा एजूकेशन बोर्ड को ऑनलाइन कर दिया जाए तो बहुत सारी समस्याएं हल हो सकती है और फजी वाड़े से बचा जा सकता है। उलमा ने ये भी मूद्दा उठाया कि मदरसे की मान्यताएं लगभग 7 साल से बंद है, जबकि पहले जिला स्तर पर तैहतानीया ( प्राइमरी ) और फौकानीय ( जूनियर ) की मान्यताएं हो जाती थी, और आलिया ( हाई स्कूल )व उच्च आलिया ( इंटर ) की मान्यताएं शासन स्तर से होती थी , इस पहलू पर भी तवज्जे देने की जरूरत है। मदरसों में अधुनिकिरण के नाम से कार्यरत शिक्षकों की 56 महीने की तंख्वाह रूकी हुई है, इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। मंत्री श्री धर्मपाल जी से मौलाना शहाबुद्दीन रजवी की मुलाकात और बातचीत एक घंटे तक चली, जिसमें अल्पसंख्यको के लिए राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली स्किमो पर भी चर्चा हुई , वख्फ सम्पत्तियो पर नाजाइज कब्जे हटा कर उस जगह पर स्कूल, कालेज , हौसपीटल बनाने की बात की गई। कोरोना महामारी की वजह से दो साल के बाद हज का सिलसिला शुरू हुआ है,इसकी व्यवस्था अच्छे से अच्छे करने की बात हुई। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बताया कि माननीय मंत्री जी ने सकारात्मक बातें कहीं , मूकम्मल तौर पर अल्पसंख्यक समुदायों से जूडी हुई समस्यो के समाधान के लिए यकीन दिलाया।इस मौके पर मौलाना अफसार अहमद, हाफिज नूर अहमद अजहरी, सय्यद तय्यब चिष्ती , मौलाना अरबाज रजा, बिलाल कुरैशी, जहीर अहमद नूरी, मुस्ताकीम अंसारी, जारिफ गद्दी आदि मौजूद रहे।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

WWW.KNLSLIVE.COM

# डिलीवरी हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर बेहतर फैसिलिटी डेवलप करें-डीएम



मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति की कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए नेशनल हेल्थ मिशन, डिस्ट्रिक्ट टास्कफोर्स, नियमित टीकाकरण आदि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की गहनता पूर्वक बिन्दुवार समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों को और अधिक जनोन्मुखी बनाने एवं गुणात्मक सुधार करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य समिति की बैठक प्रतिमाह 10 तारीख को आयोजित कराने तथा स्वास्थ्य सेवाओं में लगे सभी को रात्रि प्रवास ड्यूटी स्थल पर करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मूवमेंट रजिस्टर का प्रयोग करें, कई प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं के साथ अन्य कार्य भी चिकित्साधिकारी द्वारा किए जा रहे हैं। अतः चिकित्साधिकारियों के लिए कार्य विभाजन करें। उन्होंने आशा एवं ए0एन0एम0 की नियमित मानीटरिंग करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुडे सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों एवं अपने कर्तव्यों का ठीक प्रकार से निर्वहन करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि सभी सब सेन्टरों पर चिकित्सक की तैनाती अनिवार्य रुप से करें। कोई भी स्वास्थ्य केन्द्र खाली न रहें। जिलाधिकारी ने डब्ल्यूएचओ, कोरपीसीआई तथा यूनिसेफ संस्थाओं के प्रतिनिधियों से कहा कि अपना डाटा साप्ताहिक एमओआईसी से शेयर करते रहें, ताकि कमिया दूर हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ब्लाक स्तर पर डीसीपीएम को भी कार्यों की जिम्मेदारी दी जाये। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि एमओआईसी के साथ वर्चुअल बैठक करें, समय खराब न हो इसलिए आवश्यक बैठक में ही एमओआईसी को बुलाया जाये। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों की उपलब्धता, परिवार नियोजन कार्यक्रम, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, दवाओं की उपलब्धता, एम्बूलेंस सेवाओं की स्थिति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना एवं टीकाकरण आदि की विस्तार से समीक्षा करते हुए ठीक प्रकार से कार्य कर दायित्वो का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश चिकित्साधिकारियों को दिये हैं। जिलाधिकारी ने प्रसव इकाईयों पर संसाधन उपलब्ध करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द पर डिलीवरी हो रही है वहां पर जो भी मैनपॉवर अथवा संसाधनों की आवश्यकता है सीएमओ वहां व्यवस्थाएं उपलब्ध करायें और ठीक प्रकार से पीएचसी पर सभी फैसिलिटी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। नियमित टीकाकरण में ड्यू लिस्ट खराब होने पर जिलाधिकारी ने अपडेट करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने मच्छर से बचाव हेतु एंटीलार्वा को ग्राम सभाओं में भिजवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी श्री आनन्द वर्धन ने कहा कि कोविड टेस्टिंग को टारगेट करके प्रगति आगे बढ़ायें। उन्होंने जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 दीपक कुमार को निर्देशित किया कि कोविड टेस्टिंग की रिव्यु करते रहें, तथा जो सेशन लग रहे हैं उनकी ठीक प्रकार से मानीटरिंग की जाये और क्रियाशीलता के साथ कार्य करें, तथा सभी व्यवस्थायें दुरस्त रखें। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एम0सी0 गर्ग ने कहा कि बहुत सी एजेंसियों के द्वारा नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की मानीटरिंग की जा रही है इसलिए स्वास्थ्य योजनाओं में गति लाने हेतु क्रियाशीलता के साथ कार्य करें। प्रथम एन0एन0सी0 रजिस्ट्रेशन में गर्भवती महिलाओं की कार्य प्रगति कम होने पर जिलाधिकारी ने बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एमओआईसी को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में नये लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने नियमित टीकाकरण की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। नियमित टीकाकरण में अर्बन एवं जोन-4 तथा जोन-5 की प्रगति खराब होने पर जिलाधिकारी ने विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाकर नियमित टीकाकरण में शतप्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष प्रयास एवं रणनीति बनाकर नियमित टीकाकरण कवरेज बढाया जाये और किसी भी हॉल में जनपद का स्थान प्रदेश एवरेज से नीचे न रहें। सेशन इंडीकेटर अपडेटेड ड्यू लिस्ट, तथा वी0डब्ल्यू0आर0 में स्थिति खराब होने पर वहां के एम0ओ0आई0सी0 को ठीक प्रकार से कार्य कर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री आनन्द वर्धन, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0एम0सी0 गर्ग, सी0एम0एस0, एसीएमओ डा0 दीपक वर्मा, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 संजीव बेलवाल,, डब्ल्यूएचओ, कोर पीसीआई डा0 जावेद, यूनिसेफ के प्रतिनिधिगण, पंचायतीराज, जिला कार्यक्रम अधिकारी, नगर निगम आदि विभागों के अधिकारी एवं एम0ओ0आई0सी0 गण, डीपीएम रघुवीर सिंह आदि उपस्थित रहें।

# डिलारी में बिजली संकट से जनजीवन प्रभावित गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- बढ़ती गर्मी के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त होने लगा है। सुबह होते ही गर्मी शुरू हो जाती है, जबकि दोपहर तक गर्म हवा से जनजीवन प्रभावित होने लगता है। वातावरण में नमी की मात्रा में कमी आने से गर्मी में बढ़ोतरी हो रही है और लोग गर्मी से बचने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। छाता, गमछा, चश्मा लगाकर सड़कों पर आवागमन कर रहे हैं। वहीं जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है। वैसे-वैसे बाजार में शीतल जल व पेय पदार्थों की मांग बढ़ रही है और लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। भीषण गर्मी की मार झेल रहे लोगों को बिजली की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली से आमजन की नींद गायब हो रही है।

## बिजली कटौती ने बिगाड़े हालात

थाना डिलारी क्षेत्र में बिजली की बेतहाशा कटौती हो रही है। विभाग ने गुरुवार को रोस्टिंग का समय निर्धारित किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में शिफ्टवार पांच-पांच घंटे कटौती का रोस्टर निर्धारित किया गया है लेकिन लोगों को 24 घंटे में चार से पांच घंटे ही बिजली मिल रही है। इससे आम उपभोक्ता के साथ ही छोटे उद्यमी भी खासे परेशान हैं। आम उपभोक्ता बिजली कटौती से आजिज हैं। हालात यह है कि लोग हाथ का पंखा चलाकर बैठे- बैठे पूरी रात गुजार दे रहे हैं। बिजली से जुड़े काम करने वाले छोटे उद्यमी बैठकर फांका मार रहे हैं। इससे उनका रोजगार काफी हद तक प्रभावित हो रहा है।

## बिजली कटौती से रोजेदार परेशान

भीषण गर्मी में बिजली कटौती दिन भर भूख और प्यास बर्दाश्त कर रहे रोजेदारों के लिए काफी दुखदाई साबित हो रही है। शनिवार को डिलारी चौराहे पर मौजूद रोजेदार अफतारी के बाद खुशगवार मूड में थे, तो गांव के डिलारी क्षेत्रके लोगों ने बिजली की बेवफाई की चर्चा शुरू कर दी। कहा कि तमाम सरकारी दावों के बावजूद बिजली कटौती जारी है और यह कटौती रोजदारों पर भारी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना था कि जिस समय हमें बिजली की सख्त जरुरत होती है, मुफलिस के चिराग की तरह यह दगा दे जाती है। जिससे रोजेदारों को वह आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# मझोला कम्पोजिट विद्यालय का पूर्वान्ह् में औचक निरीक्षण करके परिषदीय विद्यालयों की दशा का जायजा लिया



मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आज नगर क्षेत्र मुरादाबाद के कम्पोजिट विद्यालय काशीरामनगर एवं मझोला कम्पोजिट विद्यालय का पूर्वान्ह् में औचक निरीक्षण करके परिषदीय विद्यालयों की दशा का जायजा लिया तथा अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण के दौरान प्रातः 11:10 बजे काशीरामनगर कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया जहां पाया कि विद्यालय में 8 अध्यापक 2 अनुदेशक एवं 1 सेविका कार्यरत हैं तथा कक्षा 1 से कक्षा 8 तक कुल नामांकित 306 छात्र/छात्राओं के सापेक्ष मात्र 177 छात्र/छात्राएं उपस्थित थे। शिक्षण कक्षों का अवलोकन करने पर छात्र/छात्राओं का शैक्षिक स्तर अपेक्षाकृत संतोषजनक पाया गया तथा जिलाधिकारी द्वारा कक्षा 3 व कक्षा 4 में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं का गणित विषय का शैक्षिक स्तर जानने के लिए ब्लैक बोर्ड पर सबाल हल कराये गये तथा बच्चों द्वारा सावधानी पूर्वक गणित के सबालों का हल किया गया। आकस्मिक मुआयने में पाया गया कि कक्षा-7 व कक्षा-8 में अध्ययनरत् बच्चों का कक्षा अध्यापक द्वारा प्रतिरक्षण के सम्बन्ध में पढाया जा रहा था तथा प्रतिरक्षण क्या है, के बारे में जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से जानकारी लेते हुए, प्रतिरक्षण एवं टीकाकरण के बारे में बच्चों को बताया गया। बच्चें कम आ रहे हैं। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा कक्षा-4 में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं के शैक्षिक स्तर को परखा गया तथा बच्चों को प्रतिशत को निकालना तथा आरोही एवं अवरोही क्रम में संख्याओं को कैसे लिखा जाता है, के बारे में समझाया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कक्षा-8 में छात्र-छात्राओं का शैक्षिक स्तर बढ़ाने हेतु शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य के प्रति और ध्यान दिए जाये एवं विद्यालय स्टाफ को छात्र नामाकंन एवं उपस्थिति बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्धप्रिय सिंह एवं विद्यालय स्टाफ आदि उपस्थित रहें।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

## Restriction on loudspeakers, after all, what can be done easily in UP, why not in other states?

It is heartening to see that while the controversy over loudspeakers in religious places continues in some parts of the country, the work of removing them and controlling their voices is going smoothly in Uttar Pradesh. It is noteworthy that this campaign is getting the support and support of all the communities and their religious leaders. This is because this campaign is being run without any discrimination in order to comply with the orders of the court. After all, what can easily be done in Uttar Pradesh, why can't it be done in other states – and that too when various high courts, including the Supreme Court, have passed orders controlling the use of loudspeakers. When loudspeakers, which have become a source of noise pollution, are increasing the troubles of the common people, then there is no justification for ignoring the rules and regulations and judicial orders regarding them. Considering the hesitation of many state governments in this matter, it would be appropriate that the Supreme Court directs all the states to comply with its 2005 order. This is necessary because some states like Maharashtra are shying away by saying that the central government should make a law in this matter. This is nothing but a pretext, because a law has been made in this context and its constitutionality has also been tested. Due to this pretext, some people are getting an opportunity to do politics. State governments have to understand that the issue is not a religious activity but loudspeaker. By law, loudspeakers should not be used in religious places except on special occasions, because their use is not necessary in any religion and secondly, in today's communication age, without them, work can be done easily. In fact, there is no harm in believing that as many religious activities have become a means of showing power, so too the use of loudspeakers. Anywhere the use of loudspeakers should be done with the permission of the administration and its voice should be controlled. No one can be allowed to forcibly inform the entire locality about his religious-cultural activity through loudspeakers.

## 'Never Kiss Your Best Friend' 2 actor Nakul reveals his co-star Anya Singh's secret, tells the secret to the fans

'Never Kiss Your Best Friend' received a lot of love from the audience and fans were excited for its second season. In such a situation, now everyone's wait is over and the second season of 'Never Kiss Your Best Friend' has been released. Along with Nakuul Mehta and Anya Singh, Karan Wahi and Sarah Jane Dias will also be seen in this young, vibrant and relatable series. These stars share a very good bond with each other and also do not leave an opportunity to expose each other. Anya is not a wonderful singer- Meanwhile recently Nakul shared a secret of Anya with fans. Recently Nakuul Mehta opened a poll of his co-star Anya, saying, ''I think one thing that her fans might not know about Anya Singh is that she thinks she is an amazing singer. But he is not. Sorry to say that.' Fans are loving this talk of Nakul.Kya Hai Kahaani- Let me tell you, this drama is presented with Tani's newfound attraction towards a successful actor of Meraki, Karan Saxena (played by Karan Wahi). Confident, charming, and just the man Tani needs to be. Sumer, on the other hand, is growing closer to Lavanya (played by Sarah Jane Dias), the heir to Meraki's legacy, but someone who is making a name for herself. As the world continues to judge him for his past, Season 2 is full of romance, drama, complications and emotions, with these new emotions and Sumer and Tani resuming their mixed old friendship. The series is directed by Harsh Dehiya and produced by 11:11 Productions, starring Sapna Pabbi, Javed Jaffrey, Nikki Walia, Deepti Bhatnagar in supporting roles. Its first season ended with Taani and Sumer's breakup. And in season 2, the two were forced to reconnect after a long separation of 2 years as the two Both are working for the same production house Meraki Studios, where Tani is a writer and Sumer is the director. You can watch this series on ZEE5.



## Tamannaah Bhatia walks in a strange style in a bold video, fans said, 'Why is it going like this?

Actress Tamannaah Bhatia has appeared in the film Bahubali. Tamannaah Bhatia is now being trolled fiercely for her walk. Actually a video of Tamannaah Bhatia is going viral. In this she is wearing a blue leather dress. She is looking very beautiful. She had come to participate in the program. Apart from her, many other actors associated with the industry are coming. Tamannaah Bhatia is now being trolled for her walk. Tamannaah Bhatia will soon be seen in the film Zee Karda - Tamannaah Bhatia will soon be seen in the film Zee Karda This film will be released on Amazon Prime Video. This was announced at an event. Tamannaah Bhatia is wearing a blue color dress in this event. Tamannaah Bhatia's video is going viral on Instagram. Tamannaah Bhatia often shares her hot and bold pictures and videos. Do- A paparazzi has shared the video. Tamannaah Bhatia is being trolled fiercely in this. One has written, 'Why is it going like this' while another wrote, 'It is walking like a boy, is it? Has it happened?' One has written, 'Wrestler Tamannaal' Tamannaah Bhatia is a film actress. She has worked in many films. She often shares her hot and bold pictures and videos. Apart from this, she also sweats profusely in the gym. Tamannaah Bhatia is seen sweating profusely in the gym. Recently Tamannaah Bhatia is seen sweating hard in the gym for the shooting of her upcoming film. Tamannaah Bhatia will soon be seen in a comedy drama. Apart from this, she is also going to be seen in Madhur Bhandarkar's film. has been liked. Tamannaah Bhatia often talks to her fans too.



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# जनपद में चलाया जाएगा "एक कदम सुरक्षित मातृत्व की ओर" अभियान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक और नई पहल की है। एक मई से एक कदम सुरक्षित मातृत्व की ओर अभियान चलाया जाएगा। इसमें गर्भावस्था और प्रसव के उपरांत महिलाओं के पोषण पर जोर दिया जाएगा। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर गर्भवती और धात्री महिलाओं को चिह्नित करेंगी। इससे समय-समय पर उनकी सेहत की स्थिति देखी जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 1 मई से 31 मई तक चलने वाले अभियान में प्रत्येक गर्भवती व धात्री तक आयरन, कैल्शियम, एलबेंडाजोल व फोलिक एसिड की उपलब्धता का काम किया जाएगा। प्रसव पूर्व जांचों व समय से गोलियों के सेवन के लिए जागरूक किया जाएगा। मातृ पोषण के लिए आवश्यक दवाएं मुफ्त दी जाएंगी। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता ताहिरा अल्वी ने बताया कि एक कदम सुरक्षित मातृत्व की ओर अभियान के तहत मिलने वाली सेवा सभी स्वास्थ्य इकाईयों, पीएमएसएमए डे,ओपीडी और आईडीपी, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस ( वीएचएसएनडी ), मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला के माध्यम से दी जाएंगी। यह होंगी गतिविधियां - प्रथम त्रैमास वाली सभी गर्भवती को फोलिक एसिड उपलब्ध कराना। दूसरे और तृतीय त्रैमास की सभी गर्भवती से पूर्व में दिए गए आयरन, फोलिक एसिड, कैल्शियम की गोलियों के बारे में जानकारी लेना। अगले दिनों के लिए दवा उपलब्ध कराना। सभी गर्भवती का वजन व लंबाई लेना। इसके लिए वजन मशीन और टेप का प्रयोग किया जाए। पिछली प्रसवपूर्व जांच में लिए गए वजन से तुलना कर वजन में वृद्धि का आंकलन करना। सभी गर्भवती के पेट की जांच करना। उच्च जोखिम गर्भावस्था( एचआरपी ) वाली महिलाओं की पहचान कर इलाज सुनिश्चित करना। आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एएनएम द्वारा उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं का फॉलोअप करना।

## गैंगस्टर एक्ट के मामले में तीन आरोपियों को 05-05 वर्ष कारावास व 50- 50 हजार रुपए के जुर्माने की दिलवाई सजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा पुलिस द्वारा अभियोजन विभाग के साथ संयुक्त प्रयास कर मा0 न्यायालय में उत्कृष्ट विवेचना, प्रभावी पैरवी, गवाहों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कर गैंगस्टर एक्ट के मामले में तीन आरोपियों को 05-05 वर्ष कारावास व 50-50 हजार रुपए के जुर्माने की दिलवाई सजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- श्रीमान जी आज दिनांक 29.04.2022को अभियुक्त 1. मोहित पुत्र राधेश्याम 2.रविंद्र पुत्र कुंवरपाल निवासीगण रसीदपुर थाना जैथरा एटा 3.रंजीत पुत्र चंद्रपाल निवासी कछ नगला थाना पटियाली जिला कासगंज संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 868/09 धारा 2/3 गैंग एक्ट थाना कोतवाली देहात, एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय स्पे0 जज गैंगस्टर एक्ट,एटा द्वारा प्रत्येक अभियुक्तगण प्रत्येक को 05-05 वर्ष के कारावास एवं ?50-50 हज़ार अर्थदंड से दंडित किया गया।

## रोड पार करते समय बाइक सवार दो लोगों को कुचला



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-तेज रफ्तार का कहर, तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को कुचला एक की मौत एक घायल रोड पार करते समय बाइक सवार दो लोगों को कुचला सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम हाउस घायल को कराया मेडिकल कॉलेज में भर्ती घायल का मेडीकल कॉलेज में चल रहा है उपचार थाना व कस्बा मिरहची चौराहे की घटना

## शिकोहाबाद रोड पर अतिक्रमणकारियों पर कसा शिकंजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद एटा के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत शहर के शिकोहाबाद रोड से हैं जहां रोड के किनारे लगे सब्जी फल के ठेले व ऑटो खड़े होने से रोड पर भीषड़ जाम लग जाता है हम आपको बता दें इसी के चलते शिकोहाबाद रोड पर सीवर का कार्य भी चल रहा है जिसकी वजह से एडिशनल एसपी और सीओ सिटी ने भारी पुलिस बल के साथ आज शिकोहाबाद रोड पर अतिक्रमणकारियों पर अपना शिकंजा कशा है अतिक्रमणकारियों को सख्त हिदायत दी है कि रोड पर कोई भी ठेला या कोई रिक्शा खड़ा ना करें जिससे रोड पर जाम लग जाता है लोगों को आने जाने में परेशानी होती है हम आपको बता दें पूरा मामला कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत का है।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991
ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## महाप्रबंधक उ0 म0 रेलवे प्रयागराज को ज्ञापन सौंपा अतिशीघ्र समाधान का आश्वासन दिया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अखिल भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधिमंडल ने रेल विस्तार की मांग को लेकर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज प्रमोद कुमार जी एवं मण्डल रेल प्रवन्धक प्रयागराज मुकुल चंद्रा जी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा उक्त ज्ञापन के माध्यम से निम्नलिखित मुद्दों को उठाया गया जिसमें एटा आगरा फास्ट पैसेंजर रेल के आने जाने के समय में आम जनता की सुविधा अनुसार बदलाव एवं अवागढ़ - वसुंधरा पर स्टॉपेज बढ़ाए जाने शहीद वीरांगना अवंती बाई वन चेतना केंद्र सौंदर्यीकरण हेतु पहल करने सहित आदि समस्याओं का सहानुभूति पूर्वक समाधान कराने का आश्वासन दिया उक्त ज्ञापन में मांगे निम्नलिखित हैं। देश की सभी एक्सप्रेस गाड़ियों में कम से कम एक दर्जन सामान्य बोगियों को लगाया जाए ताकि गरीब आदमी भी सुकून से यात्रा कर सकें। एटा कासगंज रेल लाइन का तत्काल विस्तार किया जाए। एटा से प्रस्तावित मलावन रेल लाइन को मैनपुरी तक जोड़ा जाए। एटा आगरा फास्ट पैसेंजर रेल को एटा से सुबह 8:00 बजे एवं आगरा के 4:00 ( 16:00 ) बजे चलाया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र की जनता भी लाभ ले सके और विभाग की आमदनी बढ़ सके। आगरा फास्ट पैसेंजर रेल के आवागढ़, वसुंधरा जैसे प्रमुख स्टेशनों पर स्टॉपेज बनाए जाए। टूंडला से लखनऊ चलने वाली पैसेंजर रेल को एटा से टूंडला होते हुए चलाया जाए ताकि जनता को लाभ मिल सके एवं विभाग की आमदनी बढ़ सके। टूंडला से दिल्ली पैसेंजर रेल को एटा से चलाया जाए या एटा से चलने वाली रेल को दिल्ली वाली पैसेंजर मिलाया जाए ताकि सवारियां अधिक से अधिक संख्या में निकल सके। एटा टूण्डला रेल लाइन पर गेट न0 54 सी को आम जनता के हित में बंद न किया जाए। एटा रेलवे स्टेशन के पास स्थित वीरांगना अवन्तीबाई वन चेतना केन्द्र का सौंदर्यीकरण कराया जाए।

**इस अवसर पर प्रमुख रूप से** - राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी, राष्ट्रीय महासचिव तेज सिंह वर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल सोलंकी, प्रदेश महासचिव रघुवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शीतलपुर - राजीव सोलंकी, कुलदीप कुमार युवा मंडल सचिव, जिलाध्यक्ष पिंकी भैया, जिलाउपाध्यक्ष मनदीप यादव, जिलामहासचिव शिवशंकर फौजी, अमरनाथ फौजी, मुकेश कुमार, कल्लू, मोनू सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## तीन शातिर अंतर्जनपदीय लुटेरे लूट की योजना बनाते हुए अवैध असलहा कारतूस एवं लूटी हुई नगदी सहित गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-थाना कोतवाली नगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, स्वाट टीम एवं इंटेलिजेंस विंग टीम के सहयोग से तीन शातिर अंतर्जनपदीय लुटेरे लूट की योजना बनाते हुए अवैध असलहा कारतूस एवं लूटी हुई नगदी सहित गिरफ्तार, जनपद में हुई 03 लूट की घटनाओं का हुआ सफल अनावरण। गिरफ्तारी/अनावरण- थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान आज दिनांक 30.04.2022 को समय करीब प्रात: 01:15 बजे मुखबिर की पर एटा रोडवेज बस स्टैंड के पीछे खाली जगह में लूट की योजना



बनाते हुए 03 शातिर अंतर्जनपदीय लुटेरों को 03 अवैध तमंचे, 06 जिंदा कारतूस एवं नगदी सहित गिरफ्तार किया गया है, जबकि 02 अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा थाना मिरहची क्षेत्र में दो लूट एवं थाना पिलुआ क्षेत्र में देशी शराब के ठेके में एक की दीवार में नकब लगा कर चोरी की गई थी जिसके संबंध में संबंधित थानों पर पूर्व से अभियोग पंजीकृत हैं। प्रकरण में गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। नगला नरे थाना पिलुआ की सरकारी देसी शराब की दुकान की दीवाल पर नकाब लगाकर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा देसी शराब की 15 पेटी एवं ?4800 चोरी कर लिए गए थे जिसके संबंध में थाना पिलुआ पर मुअसं- 18/2022 धारा 457, 380 427 भादंवि पंजीकृत किया गया था।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने थाना व चौकी प्रभारियों की ली बैठक

## पीड़ित के प्रति उदारता तथा आरोपी के विरूद्ध सख्ती बरतने की सख्त हिदायत



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने जिले का कार्यभार संभालने के बाद शुक्रवार, 29 अप्रैल 2022 को जिले के पुलिस राजपत्रित अधिकारी व थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर उन्हें पूरी क्षमता के साथ मुस्तैदी से पुलिसिंग करने, पीड़ित व्यक्ति के प्रति उदारता बरतते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनने तथा आरोपी के विरूद्ध सख्ती के साथ कार्यवाही करने, जिले में बेहतर पुलिसिंग करते हुए आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए। आगामी दिनों में माननीय मुख्यमंत्री छ.ग. शासन का दौरा कार्यक्रम को लेकर प्रभारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने, प्रत्येक गांव में ग्राम चौपाल लगाकर आमजनता की समस्या-शिकायतों का निराकरण करने तथा अवैध कार्यों पर पूर्णतः अंकुश लगाने के निर्देश दिए। शुक्रवार को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने कहा कि पुलिस अधिकारी अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन पूर्ण क्षमता व निष्ठा के साथ करें, कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी। प्रभारियों को लंबित मामलों के निकाल पर विशेष ध्यान देने, अपराध पंजीबद्ध होने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी शीघ्र करने, थाना-चौकी में फरियाद लेकर आने वाले नागरिकों से शालीनतापूर्वक चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण करने, दिलाने को कहा। उन्होंने कहा कि आपके ऐसी कार्यवाही से समाज व लोगों में पुलिस की छवि और अच्छी बनेगी। पुलिस जवानों को अच्छे कार्यो के लिए सदैव मोटिवेट करें, माननीय न्यायालय से संबंधित कार्यो को पूर्ण जवाबदेही के साथ समय पर करने, अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में थाना-चौकी प्रभारी तथा पुलिस कन्ट्रोल रूम का मोबाईल नंबर दृश्य भाग में लिखवाने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, एएसपी मुख्यालय ए.के.जोशी, ट्रेनी आईपीएस संदीप कुमार पटेल, सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु, एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, एसडीओपी सूरजपुर गीता वाघवानी, डीएसपी अजाक पी.डी. कुजूर, डीएसपी नंदिनी ठाकुर, प्रशिक्षु डीएसपी दीपमाला कुर्रे, कार्यालय अधीक्षक संतोष वर्मा, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुर्रे, स्थापना प्रभारी अखिलेश सिंह, सभी थाना-चौकी प्रभारीगण सहित जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।


# तेज रफ्तार पिकअप ने कार को मारी जोरदार टक्कर, दो युवक हुए घायल



रोशन उइके
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एमपी छिंदवाड़ा- पिपरिया से आ रहे जुन्नारदेव निवासी युवक अपनी कार से जुन्नारदेव जा रहे थे तभी सीता डोंगरी के आगे जंगल में तेज रफ्तार पिकअप ने कार सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें दोनों युवक राहुल पिता शक्तिसिंग छिपा उम्र 35 निवासी पिपरिया व दीपक पिता हरिचरन कुरोलिया उम्र 30 निवासी जुन्नारदेव को गंभीर रूप से घायल हो गए तत्काल ही पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस ने घायल युवकों को तामिया हॉस्पिटल लेकर आई प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवकों को छिंदवाड़ा रेफर किया गया।

# देश 'स्मार्ट भारत' की ओर लगातार अग्रसर हो रहा है, इसका श्रेय प्रधानमंत्री जी को जाता है : मा. मंत्री धर्मपाल सिंह



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- प्रदेश के माननीय मंत्री पशुपालन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री जी तथा माननीय मुख्यमंत्री जी शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सकारात्मक बदलाव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारा देश स्मार्ट भारत की ओर लगातार अग्रसर हो रहा है, जिसका श्रेय देश के प्रधानमंत्री जी को जाता है। उन्होंने कहा कि आज जिन बच्चों को स्मार्ट फोन/टैबलेट वितरित किए गए हैं, उनसे अपेक्षा है कि वे स्मार्ट फोन/टैबलेट का बेहतर इस्तेमाल करेंगे। माननीय मंत्री के कर कमलों द्वारा आज बरेली कॉलेज में 237 छात्र /छात्राओं को स्मार्ट फोन/ टैबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में बरेली कॉलेज के प्रबंधक डा. ओ.पी. राय, बरेली कालेज के समस्त प्रोफेसर सहित छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। माननीय मंत्री जी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जी लगातार गरीबों की सेवा कर रहे हैं, उसका हम सब के समक्ष यह परिणाम आया है कि आज गरीब वर्ग का बेटा भी स्मार्ट फोन/टैबलेट चला रहा है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट फोन/टैबलेट से शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आ रहे हैं, इससे छात्रों को सुविधा जनक स्थितियों में शिक्षा तथा तकनीकि जानकारियां आसानी से प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट फोन आज के जीवन में बेहद उपयोगी है और इसके माध्यम से शिक्षण एवं पठन पाठन का कार्य हो रहा है, इसकी प्रसंगिकता लगातार बढ़ती जा रही है। प्रधानाचार्य डा. ओ.पी. राय ने बताया कि जिन छात्र/छात्राओं को जिस दिन स्मार्ट फोन/टैबलेट वितरित होना है, इसकी जानकारी बरेली कालेज की वेबसाइट www.bcb.ac.in पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

# हत्या का भय दिखाकर उद्यापन करने वाले वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह थाना कोतवाली भिनगा मय टीम द्वारा थाना को0भिनगा पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 160/2022 धारा 307,323, 504,506,34, 109, 386 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्तगण 1. संतोष सिंह पुत्र प्रताप नारायण निवासी बबुरिया कौधा थाना बीकापुर जनपद अयोध्या 2. सदानंद सिंह पुत्र पेंच बहादुर सिंह निवासी खेमापुर थाना अहिरौली जनपद अंबेडकरनगर 3. अदनान खान पुत्र अनीश खान निवासी मिर्जापुर माफी थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या 4. अनीश खान पुत्र शरीफ खान निवासी मिर्जापुर माफी थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या को दहाना के आगे सिरसिया रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार किया गया। संजय कुमार पुत्र मानसिंह निवासी कुंवरपुर थाना तालग्राम जनपद कन्नौज के द्वारा तहरीर के माध्यम से अवगत कराया गया कि वादी व उनके साथी ड्राइवर जीवन राम पुत्र अर्जुन निवासी राजापुर बागवाली कॉलोनी थाना कबीर नगर जनपद गाजियाबाद के द्वारा ग्राम टिटिहिरिया थाना सिरसिया स्थित प्लांट से स्वच्छ कंपनी का माल ट्रक पर लादकर दिल्ली ले जाया जा रहा था की जैसे ही गाड़ी भिनगा कस्बे से पहले स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंची तो उपरोक्त अभियुक्त गण द्वारा दो गाड़ियों से पीछे से ओवरटेक करके ट्रकों को रुकवा लिया गया तथा वादी संजय के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट किया गया, जान से मारने की धमकी देते हुए गला दबाकर हत्या का प्रयास किया गया तथा उद्यापन करने का प्रयत्न किया गया जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 160/2022 धारा 307,323,504,506,34,109,386 भादवि पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त गण उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया

# वूमेन टेलर्स 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- इण्डियन बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान श्रावस्ती के तत्वाधान में आरसेटी कार्यालय जनकपुर सिरसिया में 21 महिलाओं का वूमेन टेलर्स 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आरसेटी निदेशक बृजेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। संस्थान मे प्रशिक्षण कर रही महिलाओं का मूल्यांकन नेशनल एकेडमी आफ रूडसेटी बैग्लोर से आई रश्मि श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस दौरान संस्थान के निदेशक द्वारा वूमेन टेलर्स को अपने व्यवसाय को शूरू करने के लिए प्रेरित किया और भविष्य मे वित्तीय समस्या आने पर बैंक से ऋण के माध्यम से वित्तीय सहायता दिलाने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर वूमेन टेलर्स की अतिथि इंदु सिंह एवं कार्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहें।